E-mail- eeupjnetahrural@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज

कलैक्ट्रेट परिसर, सोरों रोड़ प्रहलादपुर, कासगंज, 207123

**पत्रांक 1043 / पेपर कटिंग सूचना (एटा) / 14** **दिनांक :– 11.05.2026**

**सेवा में,**

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद एटा।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र ई– दैनिक भास्कर में प्रकाशित शीर्षक "एटा में जल जीवन मिशन पाइपलाइन खुदाई में अनियमितता पुलिया टूटने से ग्रामीणों में रोष, जांच की मांग" के सम्बंध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई– दैनिक भास्कर में प्रकाशित शीर्षक **"एटा में जल जीवन मिशन पाइपलाइन खुदाई में अनियमितता पुलिया टूटने से ग्रामीणों में रोष, जांच की मांग"** के सम्बंध में अवगत कराना है कि जनपद एटा विकास खंड जलेसर की ग्राम पंचायत सकरौली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत राइजिंग मैंन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। जिसमें नगला धर्म से ताखावन मार्ग के समानांतर पाइप लाइन बिछाई जा रही है जिसके दौरान बिट्यूमिन सतह को कोई नुकसान नहीं हुआ है। जिसमें केवल एक पुलिया की पैरापिट का कुछ चिनाई कार्य क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे अतिशीघ्र ठीक कर दिया जाएगा पैरापिट क्षतिग्रस्त होने से किसानों के खेत में पानी जाने की कोई संभावना नहीं है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। जिसे अतिशीघ्र ठीक करा लिया जायेगा।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**एटा में जल जीवन मिशन पाइपलाइन खुदाई में अनियमितता: पुलिया टूटने से ग्रामीणों में रोष, जांच की मांग**

भूपेंद्र कुमार | सकरौली(जलेसर), एटा
3 दिन पहले



एटा के जलेसर विकासखंड की ग्राम पंचायत सकरौली में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के कार्य में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने खुदाई के दौरान कई स्थानों पर सड़क किनारे बनी पुलियाओं और रास्तों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे उनमें असंतोष है।

ग्रामीणों वासुदेव, राजकुमार, जितेंद्र, पुर्ष्पेंद्र, राजपाल, रविंद्र, वीरेंद्र और विजय कुमार के अनुसार, पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई में सड़क और नालियों पर बनी कई पुलियाएं टूट गई हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायत क्षेत्र के आनंदगढ़ी स्थित गोथूआ माइनर का पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि यदि गोथूआ माइनर में पानी छोड़ा जाता है, तो टूटी हुई पुलिया के कारण पानी खेतों में फैल सकता है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही और मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंची है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले की जांच करने, दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त पुलियाओं तथा रास्तों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

जितेंद्र ठेकेदार से बात की गई तो उन्होंने कहा एक कार्य पूर्ण होने के पश्चात सही कर दिया जाएगा इसकी जानकारी ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के पटवारी को दे दी जो मौके पर आकर जांच करके ले गए

**भवदीय**

**(अरूण सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अलीगढ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद एटा।
5. जिला सूचना अधिकारी, जनपद एटा।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर एटा।

**अधिशासी अभियन्ता**